तिहाई के आरंभ स्थान की गिनती

लेख : उदय शाह

किसी निश्चित मात्रा-संख्या के टुकड़े को ले कर तिहाई करके सम पर आने के लिए अलग-अलग ताल में उसका आरंभ कौन-सी मात्रा से करना चाहिए इसकी गिनती करने की एक तरकीब यहां पर प्रस्तुत है।

उदहारण - १

अगर ४ मात्रा के एक टुकड़े की तिहाई करनी है तो इसकी गिनती इस प्रकार होगी।

तिहाई कि कुल मात्रा = ४ × ३ = १२

अब कुल मात्रा में से २ घटा दीजिए।
१२ - २ = १०

अब इस तिहाई को ताल दादरा में गाना-बजाना हो तो ताल दादरा की ६ मात्रा की १० से अधिक गुणांक संख्या को प्राप्त करें। जैसेकि
६ × १ = ६ (१० से कम हैं)
६ × २ = १२ (१० से अधिक हैं)

ताल दादरा की ६ मात्रा की १० से अधिक गुणांक संख्या १२ में से १० को घटा दीजिए।
१२ - १० = २

इसका मतलब यह हुआ कि ४ मात्रा के एक टुकड़े की ६ मात्रा के ताल दादरा में तिहाई करके सम पर आने के लिए इसका आरंभ दूसरी मात्रा से करना चाहिए।

उदहारण - २

अगर ४ मात्रा के एक टुकड़े की तिहाई करनी है कि जिसमें पहले दोनों टुकड़े के बाद एक-एक मात्रा का विराम भी रखना हो तो इसकी गिनती इस प्रकार होगी।

तिहाई कि कुल मात्रा = (४ × ३) + २ = १२ + २ = १४

अब कुल मात्रा में से २ घटा दीजिए।
१४ - २ = १२

अब इस तिहाई को ताल दादरा में गाना-बजाना हो तो ताल दादरा की ६ मात्रा की १२ से अधिक गुणांक संख्या को प्राप्त करें। जैसेकि
६ × १ = ६ (१२ से कम हैं)
६ × २ = १२ (१२ के बराबर हैं)
६ × ३ = १८ (१२ से अधिक हैं)

ताल दादरा की ६ मात्रा की १२ से अधिक गुणांक संख्या १८ में से १२ को घटा दीजिए।
१८ - १२ = ६

इसका मतलब यह हुआ कि ४ मात्रा के एक टुकड़े की ६ मात्रा के ताल दादरा में तिहाई में पहले दोनों टुकड़े के बाद एक-एक मात्रा का विराम करके सम पर आने के लिए इसका आरंभ छठी मात्रा से करना चाहिए।

इस गिनती में सम की एक मात्रा और तिहाई के आरंभ स्थान को प्राप्त करने के लिए दूसरी मात्रा को मिला कर २ मात्रा को कुल मात्रा संख्या में से घटा देते हैं। इस गिनती में कुल मात्रा संख्या में से सम की एक मात्रा को घटाया जाए और तिहाई के आरंभ स्थान को प्राप्त करने के लिए दूसरी मात्रा को न घटाया जाए तो अंत में जो जवाब मिलेगा वो तिहाई के आरंभ स्थान की मात्रा संख्या का न मिलते हुए ताल में सम से शुरू करके कितनी मात्रा को छोड़ कर तिहाई का आरंभ करना है इसका जवाब मिलेगा। यानि कि उपरोक्त दोनों उदहारण में कुल मात्रा संख्या में से २ के बजाय १ घटाने पर जवाब अनुक्रम से १ और ५ मिलेगा। इसका मतलब यह हुआ कि पहले उदहारण में ताल दादरा में पहली मात्रा को छोड़ कर दूसरी मात्रा से तिहाई का आरंभ करके और दूसरे उदहारण में ताल दादरा में पांच मात्रा को छोड़ कर छठी मात्रा से तिहाई का आरंभ करके सम पर आ सकते हैं।

इसी प्रकार ९ मात्रा के टुकड़े की तिहाई करने के लिए तिहाई की कुल मात्रा संख्या २७ (९ × ३) में से २ घटा कर २५ प्राप्त करें। इसके बाद अगर ताल रूपक में तिहाई करनी है तो ताल रूपक की मात्रा संख्या ७ की २५ से अधिक गुणांक संख्या २८ को प्राप्त करें और २८ में से २५ को घटा कर ३ प्राप्त करके निश्चित कर लें कि इस तिहाई का आरंभ ताल रूपक में तीसरी मात्रा से करना होगा। अब अगर इसी ९ मात्रा के टुकड़े की तीनताल में तिहाई करनी है तो तीनताल की मात्रा संख्या १६ की २५ से अधिक गुणांक संख्या ३२ को प्राप्त करें

और ३२ में से २५ को घटा कर ७ प्राप्त करके निश्चित कर लें कि इस तिहाई का आरंभ तीनताल में सातवीं मात्रा से करना होगा। अब अगर इसी ९ मात्रा के टुकड़े की एकताल में तिहाई करनी है तो एकताल की मात्रा संख्या १२ की २५ से अधिक गुणांक संख्या ३६ को प्राप्त करें और ३६ में से २५ को घटा कर ११ प्राप्त करके निश्चित कर लें कि इस तिहाई का आरंभ एकताल में ग्यारहवीं मात्रा से करना होगा।

अगर ९ मात्रा के टुकड़े की तिहाई में पहले दोनों टुकड़ों के बाद एक-एक मात्रा का विश्राम भी रखना हो तो उपरोक्त सभी गिनती में कुल मात्रा २७ के बजाय २९ (२७ + २) को ध्यान में रख कर करनी होगी। ऐसा करने पर इस तिहाई का आरंभ ताल रूपक में पहली मात्रा (२८ - २७ = १) से, तीनताल में पांचवीं मात्रा (३२ - २७ = ५) से और एकताल में नववीं मात्रा (३६ - २७ = ९) से करना होगा।

Uday Shah
(Singer – Music Composer – Poet)
Dadatattu (Sai) Street, Navsari – 396445, Gujarat – India.
Phone : (R) +912637255511 (M) +919428882632

Websites :
http://www.udayshahghazal.com/
https://sites.google.com/site/udayshahghazal/
https://sites.google.com/site/udayshahghazals/
https://sites.google.com/site/udayshahxyz/